तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार, 6 दिसंबर 2025



13 करही में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य...



14 ई केवायसी नहीं तो दस दिसंबर से राशन कार्ड...






## खबर संक्षेप

### अरौद में शिव महापुराण एवं ज्ञान यज्ञ कथा 10 से

**मगरलोड।** ग्रामवासियों के सहयोग से 10 से 14 दिसंबर तक शिव महापुराण एवं ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन बजरंग चौक अरौद में किया गया है। भगवताचार्य मेघा निवासी कल्पना पाण्डेय होंगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। कलश यात्रा, देवपूजन के साथ कथा शुरू होगी।

### मधुबन धाम में श्रीमद् भागवत महापुराण 19 से

**मगरलोड।** साईं मंदिर मधुबन धाम में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित किया गया है। कथावाचक पं. राकेश शर्मा कोपरा होंगे। 19 दिसंबर को कलश यात्रा, गोकर्ण, परीक्षित जन्म, 20 को गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, 21 को श्रीराम कथा, कृष्ण अवतार, 22 को कृष्ण लीला, रुक्मणि विवाह, 23 को कृष्ण सुदामा चरित्र, 24 को परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा, 25 को अंतिम दिवस गीता हवन व सहस्त्रधारा होगी। प्रवचन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक चलेगा। अंतिम दिवस 25 दिसंबर गुरुवार को साईं जन्म उत्सव मनाया जाएगा।

### दरगहन में आज से कबीर सत्संग

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम दरगहन सलोनी में विश्व शांति कबीर समिति द्वारा दो दिवसीय कबीर सत्संग कार्यक्रम का आयोजन शनिवार एवं रविवार को किया गया है। प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बीजक पाठ व दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक भजन प्रवचन होगा। भजन संध्या गुरुचरण साहू करेंगे। कार्यक्रम में संत धर्मेंद्र साहेब उत्तरप्रदेश, विचार साहेब कबीर आश्रम नयापारा राजिम, संत अनुकरण साहेब श्री जागु कबीर आश्रम सेनचुआ, संत रविकर साहेब श्री डोंगेश्वर धाम आश्रम देवपुर, साध्वी समता साहेब कबीर आश्रम नवागांव कचना अपनी उपस्थिति देंगे। समिति के देवनाथ साहू, महेश साहू एवं मन्नूलाल साहू ने सत्संग प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

### उद्योग स्थायी समिति की बैठक 11 को

**धमतरी।** सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 11 दिसंबर को होगी। सभापति, सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की अध्यक्षता में यह बैठक दोपहर 12 बजे से कार्यालय उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी में रखी गई है। इस मौके पर जिले में धान खरीदी, धान खरीदी लिमिट को बढ़ाने, सहकारी समितियों में टिन शेड, शौचालय निर्माण, शक्कर, मिट्टीतेल वितरण, धान के रख-रखाव एवं विपणन, टोकन प्रक्रिया को सरलीकृत करने सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### मोटरपंप वाले किसान भी दलहन-तिलहन पर दे रहे जोर

# रबी सीजन में धान फसल से किसानों का हो रहा मोहभंग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस साल रबी सीजन में धान फसल से किसानों का मोहभंग होने लगा है। दिसंबर के महीने में मोटरपंप वाले सिंचित क्षेत्र में जहां धान की नर्सरी नजर आती थी वहां चना , गेहूं, अलसी जैसे दलहन-तिलहन अनाज की फसल लेने में किसान जुट गए हैं। पहले कृषि विभाग रबी में धान फसल का जितना टारगेट रखता था, उससे डबल रकबा में धान का उत्पादन होता था। इस रबी में लक्ष्य से भी कम रकबा में धान उत्पादन होने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि गंगरेल बांध सहित चारों बांध लबालब भरे हुए हैं। बावजूद किसान तथा किसान यूनियन की तरफ से सिंचाई पानी की मांग नहीं हो रही है। छग किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू ने कहा कि रबी में धान फसल से किसानों का मोहभंग हो गया है। वजह गर्मी में सिंचाई पानी की आपूर्ति नहीं होती। पानी की कमी से खेतों को मवेशियों के हवाले करना पड़ता है। इसके बाद भी किसानों को फसल की वाजिब कीमत नहीं मिल पाती। 17 से 18 सौ रूपए क्विंटल धान का भाव रहने से किसानों को घाटा भी होता है। इस बार वे जल संरक्षण और दलहन तिलहन पर ध्यान दे रहे हैं।

बलियारा के किसान सुदर्शन ठाकुर ने कहा कि पिछले रबी में जल जगार को लेकर खूब प्रचार प्रसार किया गया। इससे किसान प्रभावित हुए हैं लेकिन समस्या तब उठती है कि बाजू के खेत में कोई किसान धान फसल ले रहा है तो वह चाहकर भी चना या अन्य दलहन तिलहन फसल नहीं ले सकते। बाजू के खेत से पानी रिसने पर दलहन तिलहन की फसल खराब हो जाती है। प्रशासन को इसके लिए नियम बनाना चाहिए। कलारतराई के किसान प्रहलाद हिरवानी ने कहा कि उनके मोटरपंप में पर्याप्त पानी है।






⏩ शेष पेज 13 पर


### चना 17000, धान 15 हजार हेक्टेयर में लेने का लक्ष्य

कृषि विभाग ने रबी फसल के लिए अनाज, दलहन, तिलहन फसल को लेकर लक्ष्य तैयार किया है। गत वर्ष ग्रीष्मकालीन धान की फसल 24200 हेक्टयेर में ली गई थी। इस साल इसे 15000 हेक्टेयर में सीमित करने का टारगेट है। गेहूं का टारगेट 500 हेक्टेयर से बढ़ाकर 800 हेक्टेयर, मक्का 430 हेक्टेयर से बढ़ाकर 1500 हेक्टेयर, रागी एवं अन्य 10 हेक्टेयर से बढ़ाकर 200 हेक्टेयर किया गया है।दलहन फसल में चना और तिवड़ा पर जोर दिया गया है। चना फसल गत वर्ष 15830 हेक्टेयर में ली गई थी। इसे बढ़ाकर इस रबी में 17000 हेक्टेयर किया गया है। तिवड़ा गत वर्ष 5690 हेक्टेयर में पूर्ति हुई थी। इसे बढ़ाकर 14000 हेक्टेयर किया गया है। मटर को लेकर किसानों में उत्साह है। पिछले वर्ष 80 हेक्टेयर में इसकी आपूर्ति हुई थी। इस साल 150 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन लक्ष्य से दोगुना 300 हेक्टेयर में मटर की फसल ली गई थी। मसूर, मूंग, उड़द, कुल्थी पर भी विभाग ने जोर दिया है। तिलहन फसल में सरसों की 2590 हेक्टेयर में पूर्ति हुई थी। इस बार इसे बढ़ाकर 3000 हेक्टेयर किया गया है जिसमें से 53 प्रतिशत की पूर्ति हो चुकी है। इसके अलावा अलसी, कुसुम, सूर्यमुखी, तिल, मूंगफल्ली पर सीमित मात्रा में लक्ष्य तैयार किया गया है।

### 30 दिसंबर तक होगा रबी फसल का बीमा

रबी फसल 2025-26 में गेहूं, चना, सरसों, अलसी का बीमा 31 दिसंबर तक होगा। उपसंचालक मोनेश साहू ने बताय कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना 14 नवंबर को जारी कर दी गई है। प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षतिपूर्ति के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। अधिसूचना में गेहू सिंचित, असिंचित, चना, राई, सरसों एवं अलसी फसल को फसल बीमा आवरण में सम्मिलित किया गया है जिसकी प्रीमियम राशि गेहूं सिंचित के लिए 585 रूपये, गेहूं असिंचित के लिए 420 रुपये, चना 600 रुपये, राई, सरसों 420 रुपये एवं अलसी की प्रीमियम राशि 285 रूपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित है।

# अध्यक्ष पद के लिए दानीराम व नीरजधर आमने-सामने

- जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 15 को, 355 अधिवक्ता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 दिसंबर थी। अंतिम दिवस तक पदाधिकारियों के नामों में महत्वपूर्ण बदलाव भी देखने को मिले। ग्रंथपाल पद के उम्मीदवार दिव्यांशु साहू ने अपना नामांकन वापस ले लिया, वहीं धनंजय तिवारी ने कार्यकारिणी सदस्य पद से नाम वापस लिया। निर्वाचन अधिकारियों ने देर शाम तक सभी नामांकन पत्रों को प्राप्त कर सूची जारी की।

अध्यक्ष पद के लिए दानीराम साहू और नीरजधर तिवारी के मध्य सीधा मुकाबला होगा। सचिव पद के लिए केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ है जो भीखमलाल सिन्हा का है, इसलिए यह पद निर्विरोध चुने जाने की स्थिति में है। सहसचिव पद हेतु योगेश कुमार गोलछा, फलेश कुमार साहू और तल्लीनपुरी गोस्वामी के बीच त्रिकोणीय प्रतिस्पर्धा दिखाई दे रही है।

कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय शुक्ला, नरोत्तम सिन्हा और कामतानाथ सिन्हा ने दावेदारी की है। उपाध्यक्ष पद के लिए सचिन जाचक और अजय कुमार कुम्भकार ने नामांकन जमा किया है। महिला उपाध्यक्ष पद पर केवल जानकी तिवारी का नामांकन प्राप्त हुआ है। यह पद भी निर्विरोध रहेगा।

ग्रंथपाल पद के लिए अब चुनकेश्वर प्रसाद नागेंद्र ही शेष उम्मीदवार हैं। सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पद के लिए परमानंद अग्रवाल और पीयूष देवांगन आमने-सामने हैं। कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए कोमल प्रसाद थवाईत, धनंजय तिवारी, विनोद राजपूत, जयप्रकाश झा, दिव्यांशु साहू, त्रिभुवन प्रसाद ध्रुव, कपिलनारायण चालकी, दीक्षा दीवान तथा श्रीमती सविता अग्रवाल हैं। चुनाव अधिकारी अजित साहू, अशोक कुमार बुधवानी, मोहित कुमार देवांगन, अजय कुमार सोनवानी, यशवंत कौशिक एवं गोपी कुर्रे ने बताया कि 4 दिसंबर को स्क्रूटनी हुई। 6 दिसंबर को नाम वापसी होगी। चुनाव प्रचार 14 दिसंबर तक चलेगा।

मतदान 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में होगा। मतदाता सूची में दर्ज 355 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतगणना उसी दिन शाम 4 बजे से शुरू होगी। लगभग डेढ़ घंटे में परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। मतदान के समय मतदाताओं को विधिज्ञ परिषद बिलासपुर द्वारा जारी परिचय पत्र, अधिवक्ता आईडी या आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# दो बाइक की भिड़ंत में एक हेडमास्टर की मौत, तीन घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल हाईवे से गुजर रही दो बाइक में आमने- सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं तीन लोग घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोटगांव स्कूल के हेडमास्टर हेमंत नेताम शुक्रवार को नहावन कार्यक्रम में अपने रिश्तेदार के घर ग्राम संबलपुर गए थे जहां से शाम को अपने रिश्तेदार सरिता नेताम ग्राम छाती निवासी के साथ बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान दूसरी बाइक में दिलेश्वर कोसले और जामिनी कंवर विपरीत दिशा से आ रहे थे। ग्राम गागरा पुल के पास दोनों बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक चला रहे हेडमास्टर हेमंत नेताम की मौत हो गई। वहीं दो महिला सहित एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर रेडक्रास के शेखर साहू ने वाइस चेयरमेन शिवा प्रधान को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पप्पू साहू, सोनू साहू, खिलावन साहू, अमन साहू, राजेंद्र चंद्राकर, हाइवे पेट्रोलिंग की टीम व ग्रामीणों की मदद से घायलों को वरदान संस्था की एंबुलेंस से उपचार के लिए धमतरी लाया गया। घायलों को निजी अस्पतालों में भर्ती किया गया है जहां उनका उपचार जारी है। वहीं शव को जिला अस्पताल के मरच्यूरी में शिफ्ट कर दिया गया है।

### ऋण वसूली शिविर 9 से 19 दिसंबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित विकलांग स्वरोजगार योजना एवं राष्ट्रीय निगम की योजनाओं में लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली के लिए जिले में 9 से 19 दिसंबर तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी ने बताया कि 9 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक कलेक्टोरेट के प्रथम तल कक्ष क्रमांक 48 स्थित जिला अंत्यावसायी धमतरी में शिविर लगाया जाएगा। 11 दिसंबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक जनपद पंचायत भवन कुरूद, 12 दिसंबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक जनपद पंचायत भवन मगरलोड और 19 दिसंबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक कृषि उपज मंडी के सामने स्थित अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र नगरी में ऋण वसूली शिविर लगाया जायेगा।


हरिभूमि

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


### सामुदायिक भवन में ग्रामीण महिलाओं का प्रशिक्षण

# उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन के आयाम सीखे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में 2 से 5 दिसंबर तक शहीद वीरनारायण सिंह सामुदायिक भवन नगर पालिका निगम में उद्योग सखी पर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिला किसानों एवं बिहान समूहों को कृषि आधारित उद्यमिता, प्रसंस्करण और विपणन से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में बिहान समूह से जुड़े 40 ग्रामों की उद्योग सखियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और उद्यमिता विकास के विभिन्न आयामों पर तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान राज्य प्रशिक्षक दीप्ति रंजन ने उच्च गुणवत्ता वाले कृषि पौधों के उत्पादन, प्रसंस्करण तकनीक, पौध संरक्षण एवं मूल्य संवर्धन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। कृषि आधारित उत्पादों के विपणन और ब्रांडिंग पर आयोजित विशेष सत्र में जिला कार्यक्रम प्रबंधक आजीविका अनुराग मिश्रा ने फैसिलिटेटर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बाजार मांग विश्लेषण, आकर्षक पैकेजिंग-ब्रांडिंग, गुणवत्ता मानक और बाजार तक पहुंच बढ़ाने के व्यावहारिक उपायों पर जानकारी दी, जो प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित हुई। यह प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी लक्ष्य की ओर अग्रसर करने का एक सशक्त माध्यम है।

## खबर संक्षेप

### खम्हरिया में राज्यस्तरीय डीजे डांस 18 को

**सांकरा।** ग्राम खम्हरिया में गुरु घासीदास जयंती पर्व पर राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 18 दिसंबर को रखा गया है। सामूहिक में प्रथम इनाम 8000, द्वितीय 5000, तृतीय 3000 रूपये तथा युगल में प्रथम इनाम 5000, द्वितीय 3000 और तृतीय इनाम 2000 रखा गया है। एकल में प्रथम इनाम 3000, द्वितीय 2000 और तृतीय इनाम 1000 रूपये रखा गया है। 10 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार समिति की तरफ से दिया जाएगा। यह जानकारी सतनामी समाज खम्हरिया के अध्यक्ष हेमंत रात्रे, शत्रुघ्न रात्रे, ने दी।

## निधन

### गोपालराव ठोकने



सिर्री। ग्राम सिरसिदा निवासी गोपाल राव ठोकने 83 वर्ष का निधन 3 दिसम्बर को रायपुर के अस्पताल में हो गया। उनकी अंत्येष्टि ग्राम सिरसिदा में हुई। वे अश्विन कुमार ठोकने के पिताजी थे। उनके अंतिम संस्कार में परिजन, मित्रगण और ग्रामवासी शामिल हुए। वे रिटायर हेडमास्टर के साथ अच्छे कलाकार भी थे। वे पीपल के पत्तों पर विभिन्न कलाकृतियों को आकार देते थे।

### ठगियाबाई देवांगन



सिर्री। ग्राम सिर्री निवासी ठगिया बाई देवांगन 85 वर्ष का निधन 4 दिसंबर गुरुवार को हो गया। वे अर्जुन लाल, शोभाराम की मां और चंद्रकांत, अमित, आदित्य, भावना की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### भीमबन गोस्वामी



**जीजामगांव।** सेवानिवृत्त करारोपण अधिकारी भीमबन गोस्वामी 72 वर्ष का 5 दिसम्बर शुक्रवार को निधन हो गया। वे निकेशबन गोस्वामी एवं गितेशबन गोस्वामी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 6 दिसम्बर शनिवार को सुबह 11 बजे ग्राम मरौद के शांतिघाट में किया जाएगा।

### प्रेमबती साहू



**कुरुद।** ग्राम जोरातराई (सिलौटी) निवासी श्रीमती प्रेमबती साहू का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पूनमचंद साहू की मां थी। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में नाते-रिश्तेदार एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

---

शौचालय के भीतर टाइल्स फिटिंग, टंकी, नल-फिटिंग सहित कई काम अधूरे

# करही में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य दो साल से रूका

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

स्वच्छ भारत मिशन की भावना को कमजोर करने वाली तस्वीर विकासखंड नगरी के अंतिम छोर स्थित ग्राम करही आश्रित गांव जोरातराई में उजागर हुई है, जहां लगभग 4 लाख रुपये से बनने वाले सामुदायिक सार्वजनिक शौचालय दो वर्षों से अधूरा और बंद पड़ा हुआ है। शौचालय परिसर पर शौचालय का करें उपयोग मिटे गंदगी, भागे रोग, स्वच्छ भारत, बेटी-बहू की लाज है शौचालय जैसे प्रेरक नारे अब बदइंतजामी के प्रतीक बनकर रह गए हैं। भवन के दरवाजों पर ताला जड़ा हुआ है। शौचालय के अंदर जैसे निर्माण कार्य टाइल्स फिटिंग, टंकी, नल-फिटिंग सहित अधिकांश निर्माण कार्य अधूरे हैं।




स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय निर्माण लंबे समय से अधूरा पड़ा है। कई बार पूर्व सरपंच को अवगत कराने पर भी किसी ने ध्यान नहीं दिया। घर पर आने वाले मेहमानों और महिलाओं को खुले में शौच की मजबूरी का सामना करना पड़ता है। शौचालय के आसपास कचरा और गंदगी का अंबार प्रशासनिक उदासीनता की पोल खोल रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अधूरा शौचालय शीघ्र पूरा कर स्वच्छ भारत मिशन की वास्तविक भावना को पुनर्जीवित किया जाए। पूर्व सरपंच ने बताया कि सचिव द्वारा शौचालय का निर्माण कराया जा रहा था। सभी पेमेंट उसके द्वारा किया जाता था।

वर्तमान सरपंच ने बताया कि उन्होंने पद संभालने के बाद इस कार्य के संबंध में सचिव से जानकारी ली। सचिव ने बताया था कि राशि निकाली जा चुकी है और जल्द ही काम पूरा किया जायेगा, लेकिन अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। सरपंच का आरोप है कि सचिव इस कार्य में गंभीर नहीं है, जबकि भुगतान का पेमेंट उसी के पास है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी चाही गई लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

इस मामले पर जनपद पंचायत नगरी के सीईओ रोहित बोरझा ने कहा कि यह जानकारी अभी मेरे संज्ञान में आई है। संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।

---

# शिक्षकों के साथ पालक भी निभायेंगे अपनी जिम्मेदारी

**पेरेंट्स काउंसलिंग प्रोग्राम "हमर लईका हमर जिम्मेदारी" का आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में पेरेंट्स काउंसलिंग प्रोग्राम "हमर लईका हमर जिम्मेदारी" का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों के पालकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों, गणमान्य नागरिकों, शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों सहित जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद वीपी चंद्रा प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर तथा जोहन नेताम सहायक प्राध्यापक डाइट नगरी रहे। स्वागत भाषण में प्राचार्य आत्माराम साहू ने कहा कि कामकाजी पालक बच्चों के एडमिशन तक को ही जिम्मेदारी मान लेते हैं, जबकि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए पालक-शिक्षक समन्वय जरूरी है। जोहन नेताम ने कहा कि हर बच्चे में विशेषता होती है, जिसे माता-पिता सबसे पहले पहचानते हैं। उन्होंने प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से माताओं को जागरूक किया।

लोकेश साहू सरपंच प्रतिनिधि ग्राम भरदा ने गांव में शैक्षणिक वातावरण सुधारने हेतु किए जा रहे प्रयास बताया। वक्ता वीपी चंद्रा ने सकारात्मक सोच का महत्व समझाते हुए कहा कि शिक्षा त्रिकोणीय प्रक्रिया है बालक, पालक और शिक्षक। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी पूंजी हमारे बच्चे हैं, इसलिए उनकी देखभाल खेती से अधिक जरूरी है।

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने परीक्षा तैयारी के लिए ब्लूप्रिंट आधारित अध्ययन पर जोर दिया। विद्यालयीन छात्रों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। पूर्व विद्यार्थियों के महासम्मेलन में योगदान देने वाले शिक्षकों सहित बीपी चंद्रा, जोहन नेताम, जिला शिक्षा अधिकारी जायसवाल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष ध्रुव को सम्मानित किया गया। साहू दंपत्ति द्वारा अतिथियों को अमरूद परोसे गए तथा जनवरी में सिंगपुर में होने वाले पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन हेतु 24 नग रखिया दान करने की घोषणा की। कार्यक्रम में बीआरसी टामेश्वर ठाकुर, पुनूराम साहू राज, दुलारसिंह साहू, गीताराम साहू, मंसाराम साहू, विषयलाल साहू सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता हेमंत रजक ने किया।

---

# अंवरी स्कूल में नए प्राचार्य का हुआ स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी में नए प्राचार्य नरेंद्र मेश्राम का शाला समिति ने अभिनन्दन किया। मौके पर फलेन्द्र धुव, संरपच हितेन्द्रनाथ मंडल, बालाराम ध्रुव, भुनेश्वर साहू, कुलंजन ठाकुर, लेखराम साहू, चिन्ताराम मरकाम, रंजीत जांगड़े, बिसाहू साहू, परमानंद, पीएन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## महापौर से मिले छग धीवर समाज महासभा के प्रदेशाध्यक्ष



**धमतरी।** धीवर समाज महासभा द्वारा प्रदेशस्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर समेत उनकी टीम ने महापौर रामू रोहरा से भेंटकर कार्यक्रम की रुपरेखा की जानकारी दी।

---

### शराब पीने की सुविधा दी दो कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने 4 दिसंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए दो लोगो को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी एसटी कॉलोनी बांदे निवासी सुरेश कुमार रजक और पीव्ही 87 निवासी रतन देवनाथ लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा दे रहा था। दो आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

# दरबा में महिला सोसाइटी का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

प्राथमिक कृषि साख सहकारी मर्यादित सोसाइटी दरबा में नई किरण बहुउद्देशीय महिला सोसाइटी का गठन का जीवन साहू अध्यक्ष दरबा सोसाइटी की मौजूदगी में किया गया। मौके पर राकेश साहू सरपंच मुरा, राजेश सेन प्रबंधक दरबा सोसाइटी, दुष्यंत, गणेश साहू, मिथिलेश साहू उपस्थित थे। इस सोसाइटी के गठन से महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी। इस अवसर पर अध्यक्ष जीवन साहू ने विधायक अजय चंद्राकर को छग की महिलाओं को आगे लाने के लिए किए गए प्रयास की प्रशंसा की। यह सोसाइटी महिलाओं के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगी।

---

# दुगली स्कूल के छह विद्यार्थियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन

- 7 से 9 दिसंबर तक रायपुर में विशेष कोचिंग, टीम 9 को इंदौर रवाना होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली के छह प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया है। सीमित संसाधनों के बीच लगातार मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर इन खिलाड़ियों ने न केवल विद्यालय, बल्कि समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता स्वैच्छिक बालक-बालिका (19 वर्ष) वर्ग में 11 से 13 दिसंबर तक इंदौर मध्यप्रदेश में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों के लिए 7 से 9 दिसंबर तक रायपुर में विशेष कोचिंग कैंप रखा गया है। प्रशिक्षण पूरा होने के पश्चात टीम 9 दिसंबर की शाम इंदौर के लिए रवाना होगी।



राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ी सोमेश्वर, नवीन कुमार सिन्हा, दिनेश कुमार, चंद्रमणि, सुनीता और लक्ष्मी हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद निरंतर अभ्यास कर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में व्यायाम शिक्षक केशव कुमार जलक्षत्री का योगदान बेहद प्रेरणादायक रहा। उनके मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन ने खिलाड़ियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप आज विद्यालय राष्ट्रीय पटल पर चमक रहा है।

इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी शकीला देवदास, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर साहू, क्रीड़ा प्रभारी खेमराज साहू, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक थॉमस पॉल, खोमन सिंह सहारे, अशोक कुमार गजबल्ला, एसएमसी अध्यक्ष बंशीलाल सोरी, विद्यालय प्राचार्य ललित कुमार सोम समेत विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

---

# संविधान दिवस पर पिता-पुत्र राज्य अलंकरण से सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भारतीय संविधान की 76वीं वर्षगाठ एवं छग राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर समता साहित्य अकादमी छग राज्य इकाई एवं श्री सरल सरिता भजनामृत भजन समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन, काव्य गोष्ठी एंव प्रतिभा सम्मान वृन्दावन हाल सिविल लाइन रायपुर में हुआ जिसमें कुरुद नगर के पिता-पुत्र राज्य अलंकरण से सम्मानित हुए।

समता साहित्य अकादमी छग राज्य की संरक्षक श्रीमती सुशीला देवी वाल्मीकि एवं प्रातांध्यक्ष जीआर बंजारे, शशांक शर्मा अध्यक्ष साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद रायपुर, मुख्य अतिथि सुन्दरदास मानिकपुरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पनिका समाज विकास परिषद एवं विशिष्ट अतिथि महादेव कावरे रायपुर पुलिस आयुक्त के आतिथ्य में अवार्ड 2025 की मानद उपाधि का राज्य अलंकरण सम्मान शैक्षणिक, साहित्यक, सांस्कृतिक, पर्यावरण व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये प्रदान किया गया। इस कड़ी में कुरुद पचरीपारा निवासी किशनलाल निषाद सेवानिवृत्त मंडी निरीक्षक को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट पहल के लिये प्राउड ऑफ नेशन अवार्ड 2025 की मानद उपाधि दी गई। उन्हें शाल, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया, साथ ही उनके पुत्र विकास कुमार व्याख्याता शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल तोरेसिंहा सरायपाली को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये मौलाना आजाद शिक्षा गौरव अवार्ड 2025 की मानद उपाधि का सर्वोच्च अलंकरण प्रदान किया गया।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल भाठागांव तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)**

**:: सूचना ::**

**प्रति,**
श्री सुरेश चौधरी पि. भगवती,
कमला बाई पति खेमचंद,
रामचंद्र पि. थनसिंग,
अश्वनी पि. नरसिंह

**विषयः-** सीमांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने बाबत।

**संदर्भः-** न्याय. तहसीलदार कुरूद क्र./ 747/ वा./ तह./ 2025, कुरूद दिनांक 26.05.2025.

ग्राम मरौद प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. भाठागांव, तहसील कुरूद, जिला धमतरी के आवेदक सुरेश चौधरी पि. भगवती ने अपनी भूमि खसरा नं. 912/5 रकबा क्र. 0.29 हे. का सीमांकन/ त्रुटी सुधार/ स्थल जांच करने हेतु न्या. तहसीलदार कुरूद को आवेदन किया गया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन/ त्रुटी सुधार/ स्थल जांच दिनांक 12.12.2025, 12 बजे (पूर्वान्ह/ अपरान्ह) को किया जाना नियत है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ नियत समय पर मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थिति नहीं होने की दशा में एवं बाद में की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। **राजस्व निरीक्षक भाठागांव, तहसील कुरूद**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल भाठागांव तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)**

**:: सूचना ::**

**प्रति,**
श्रीमती कमला बाई पि. खेमचंद
रघुनन्दन पि. मनराखन (रायपुर)
सुरेश चौधरी पि. भगवती (बेलापुर नवी मुम्बई)

**विषयः-** सीमांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने बाबत।

**संदर्भः-** न्याय. तहसीलदार कुरूद क्र./ 736/ वा./ तह./ 2025, कुरूद दिनांक 19.05.2025.

ग्राम मरौद प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. भाठागांव, तहसील कुरूद, जिला धमतरी के आवेदक कमला बाई पति खेमचंद ने अपनी भूमि खसरा नं. 912/1, 912/3 रकबा क्र. 0.09, 0.41 हे. का सीमांकन/ त्रुटी सुधार/ स्थल जांच करने हेतु न्या. तहसीलदार कुरूद को आवेदन किया गया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन/ त्रुटी सुधार/ स्थल जांच दिनांक 12.12.2025, 12 बजे (पूर्वान्ह/ अपरान्ह) को किया जाना नियत है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ नियत समय पर मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थिति नहीं होने की दशा में एवं बाद में की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। **राजस्व निरीक्षक भाठागांव, तहसील कुरूद**

---

## डीएसपी ने साइबर सुरक्षा, पाक्सो एक्ट की दी जानकारी

# साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा, हमें जागरुक रहने की जरूरत : मीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम सोरम में आयोजित एनएसएस कैंप के समापन समारोह पर पुलिस ने छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय एकता, सुरक्षित भविष्य एवं नशामुक्त समाज का प्रेरणादायक संदेश दिया।

डा.शोभाराम देवांगन स्कूल के एनएसएस छात्र-छात्राओं का ग्राम सोरम में कैंप लगा। शिविर के समापन अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए एसपी के निर्देशन में डीएसपी, शक्ति टीम एवं साइबर टीम द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, पाक्सो एक्ट तथा करियर मार्गदर्शन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। डीएसपी मीना साहू ने विद्यार्थियों को समझाया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है इसलिए जागरुक रहना आवश्यक है।



इस संबंध में डीएसपी ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को सावधान करते हुए बताया कि ओटीपी, बैंक विवरण, पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक को न खोले। ठगी होने पर तत्काल 1930 एवं 112 पर संपर्क करें। डीएसपी ने नशे के दुष्प्रभाव पर प्रेरणादायक संबोधन देते हुए कहा कि नशामुक्त युवा ही मजबूत राष्ट्र की नींव हैं। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर समाज को भी प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने महिला सुरक्षा एवं सतर्कता एवं पाक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। छात्र छात्राओं को करियर विकल्प, लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास निर्णय व सकारात्मक सोच पर भी प्रेरक जानकारी दी। इस दौरान सोरम के सरपंच, पुलिस टीम शिक्षकगण सहित अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

अंशु ट्रेडर्स एंड हार्डवेयर
प्रो. देवनारायण साहू, मौरीकला (कुरूद), जिला-धमतरी मो. 9301661519
SAGAR TMT
यहां रेट पूछताछ जरूर कर लेवें
कुरूद/नवापारा/अभनपुर से भी कम दाम पर उपलब्ध
हमारे यहां सभी प्रकार के सीमेंट और छड़ (सरिया) उपलब्ध है
जैसे - अल्ट्राटेक, जेके लक्ष्मी, श्री सीमेंट, ड्यूरागार्ड सीमेंट, छड़ (सरिया) उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### बरहेली में स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**दुगूकोंदल।** एनएसएस संयुक्त मेगा शिविर के पंचम दिवस पर बरहेली में स्वयंसेवकों द्वारा सामुदायिक भवन, हैंडपंप, रंगमंच, गली-मोहल्लों की साफ-सफाई की गई। उन्होंने घर-घर जाकर स्वच्छता, जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल के महत्व की जानकारी दी। बरहेली सरपंच प्रिया दुष्यंत वाडिवा सहित पंचायत सदस्यों ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। सरपंच ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक शैली है और युवाओं की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने गांव को स्वच्छ रखने के संकल्प को सामूहिक रूप से निभाने का अव्हान किया।

### कोकानपुर हाई स्कूल को बनाया गया परीक्षा केन्द्र



**कोरर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से सवा 2 बजे तक किया जाएगा, जिसके लिए शासकीय हाई स्कूल कोकानपुर को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा केंद्र में 180 परीक्षार्थी शामिल होंगे। संस्था को नवीन परीक्षा केन्द्र बनाए जाने पर सरपंच कलीराम ऊईके, उपसरपंच योगिता राजपूत व शाला प्रबंध एवं विकास समिति अध्यक्ष माखन सिंह मंडावी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। शाला प्रबंध एवं विकास समिति अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा आयोजन के लिए संस्था की ओर से सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

### गंभीर चोट से हुई मौत, मर्ग कायम



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत नाथियानवागांव डिवाइडर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 11 अक्टूबर की शाम साढ़े 6 बजें आरोपी मोटर सायकल तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से गंभीर चोट आने की वजह से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 41.40 क्विंटल धान बेचकर किसान को मिली राहत

**कांकेर।** जिले के चारामा ब्लॉक के ग्राम कानापोड़ निवासी किसान दिनेश साहू ने लखनपुरी स्थित धान खरीदी केन्द्र में 41.40 क्विंटल धान बेचकर राहत की सांस ली, क्योंकि अब उसे आगामी खर्चों के लिए पैसे एकत्रित करने की चिंता नहीं रही। धान बेंचकर इससे मिली राशि का सदुपयोग करते हुए वे खेतों का सुधार कार्य कराएंगे, साथ ही घर के निर्माण कार्य में भी अतिरिक्त राशि की व्यवस्था इसी से करेंगे।

छग राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष ने खाद्य सुरक्षा एवं पोषण योजनाओं की समीक्षा की

# प्रत्येक हितग्राही तक समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न और पोषण सामग्री पहुंचे : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक लेकर खाद्य सुरक्षा, मध्यान्ह भोजन तथा पोषण आहार योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जरूरी है कि प्रत्येक हितग्राही तक समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न और पोषण सामग्री पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राशन वितरण में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर



तत्काल कार्यवाही की जाए। उन्होंने फोर्टिफाइड चावल के गुण एवं उसे पकाने की विधि संबंधी पोस्टर सभी राशन दुकानों में लगाने कहा। बैठक में सचिव, राज्य खाद्य आयोग राजीव जायसवाल, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा मौजूद थे ।

श्री शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों और छात्रावासों का सतत निरीक्षण आवश्यक है, ताकि बच्चों को प्रदत्त पोषण आहार की गुणवत्ता और मात्रा का सही आंकलन हो सके। उन्होंने विशेष रूप से कुपोषण उन्मूलन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों को सक्रिय रूप से फील्ड में काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी योग्य हितग्राही को योजनाओं से वंचित न होना पड़े। उन्होंने कहा कि बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न करे, अन्यथा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी ने जिले में संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति, खाद्यान्न वितरण की प्रगति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था तथा पोषण आहार आपूर्ति की जानकारी दी।

राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि धमतरी जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन को और बेहतर बनाने के लिए सभी विभाग सामूहिक रूप से समन्वित प्रयास करें, ताकि प्रत्येक परिवार तक खाद्य सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जिला प्रबंधक नान को चावल गोदाम पर दीवाल पर एक तरफ़ एपीएल और दूसरी तरफ़ बीपीएल चावल अंकित करने कहा। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती जगरानी एक्का, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विमल साहू, जिला समन्वयक देवेश सूर्यवंशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पंद्रह दिनों में समाधान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

पंचायतों में विकास कार्य ठप

- सरपंच संघ ने उपमुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगरी विकासखंड की 102 ग्राम पंचायतों के सरपंच ने नगरी के बजरंग चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। नारेबाजी की। उसके बाद रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचे और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नाम से एसडीएम प्रीति दुर्गम को ज्ञापन सौंपा।

सरपंच संघ ने कहा कि विकास कार्यों, भुगतान संबंधी समस्याओं तथा प्रशासनिक उपेक्षा किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में विगत कई महीनों से विकास कार्यों की फाइलें लंबित पड़ी हैं, जिससे निर्माण और योजनाओं से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सरपंचों ने इस स्थिति पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि शासन-प्रशासन की उदासीनता के कारण ग्रामीण क्षेत्र में जनहित से जुड़े कार्य ठप हो गए हैं।

सरपंच संघ ने विकास कार्यों की बाधित प्रक्रियाओं को तुरंत बहाल करने, ग्राम पंचायतों से संबंधित प्रस्तावों मामलों का का समाधान 15 दिनों के भीतर करने की मांग की। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर सरपंच संघ अध्यक्ष उमेश देव, सदस्य उत्तम नेताम, नागेन्द्र बोर्झा, रेमंड शांडिल्य, राकेश नेताम, अमन, रूपेंद्र मरकाम, दुर्गेश पडौटी, डोमार सिंग, नगीना सोम, अरुण कोर्राम, संतकुमार, बसंत, संतोष समेत बड़ी संख्या में सरपंच उपस्थित थे।

## अमीन भर्ती परीक्षा 7 को 38 केंद्रों में होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

व्यापम व्दारा रविवार 7 दिसम्बर को धमतरी जिला में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा भर्ती एक पॉली में दोपहर 12 से 2:15 बजे तक 38 केन्द्रों में आयोजित है जिसमें कुल 9580 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 10 बजे से प्रातः 11:30 बजे तक प्रवेश दिया जायेगा। जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट नहीं है, ऐसे परीक्षार्थी अपनी दो पासपोर्ट फोटो लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होंगे। प्रातः 11:30 बजे के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नही दीं जायेगी। परीक्षा के लिए डॉ. विनोद कुमार पाठक समन्वयक एवं अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पीजी महाविद्यालय धमतरी एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन व्दारा उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है।

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएं। फुटवियर के रूप में चप्पल पहने। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा।

## राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा के लिए सेजेस हटकेशर के दो खिलाड़ियों का चयन



**धमतरी।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत फ्री-स्टाईल कुश्ती में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटकेशर से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जांजगीर चांपा में आयोजित राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 48 किग्रा वजन वर्ग में यमन यादव एवं 51 किग्रा वजन वर्ग में दुर्गेश्वर साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन हुआ राष्ट्रीय स्पर्धा में हुआ है।

ये खिलाड़ी बलिया उत्तरप्रदेश में 8 से 12 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। खिलाड़ी 5 दिसंबर को रवाना हुए। उनके इस चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, सहायक जिला खेल अधिकारी शकीला देवदास, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी, संस्था के प्राचार्य आरके शर्मा, शाला समिति के अध्यक्ष केवल सिंह साहू, खेल शिक्षक खिलेंद्र साहू, कुश्ती कोच लक्ष्मण पहलवान व विजय यादव, व्याख्याता देवशंकर देव, घनश्याम सिंह साहू, ईश्वर लाल साहू, आराधना साहू, योगिता कंवर, बीपी साहू, शिक्षक धर्मेंद्र साहू, वैभव रणसिंह एवं सविता साहू ने प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## सेन्ट्रल जोन यूथ फेस्टिवल में सोमेश्वर ने फिर लहराया परचम, बने परिचर्चा प्रतियोगिता के चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी ने 39वें सेन्ट्रल जोन यूथ फेस्टिवल छत्रपति शिवाजी नगर औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। 25 से 29 नवंबर 2025 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में कॉलेज के होनहार छात्र सोमेश्वर प्रसाद गंजीर ने लगातार दूसरे वर्ष परिचर्चा प्रतियोगिता में चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता में भी सोमेश्वर एवं अनुश्रुति की टीम ने पांचवां स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक, युवा उत्सव प्रभारी प्रो. पंकज जैन, टीम मैनेजर डॉ. सीमा साहू सहित सभी मार्गदर्शकों के निर्देशन में 14 विधाओं के 47 छात्रों का दल प्रतियोगिता में शामिल हुआ। समूह नृत्य, तालवाद्य, वाद-विवाद और परिचर्चा सहित सभी विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समूह नृत्य टीम, तुषार साहू (तालवाद्य) और संगतकारों के प्रदर्शन की भी सराहना की गई।

प्राचार्य डॉ. पाठक सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों व स्टाफ ने सोमेश्वर एवं पूरी टीम को शानदार सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

## बच्चों की शिक्षा और सुविधाओं के उन्नयन पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नगरी विकासखंड के दौरे के दौरान विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बच्चों के लिए संचालित बालक एवं बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से आत्मीय बातचीत करते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई, खेलकूद, दिनचर्या, नाश्ता-भोजन तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं, अटल टिंकरिंग लैब, कंप्यूटर कक्ष और अन्य संसाधनों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने छात्रों से कंप्यूटर एवं तकनीक से जुड़े प्रश्न भी पूछे और शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को भविष्यउन्मुख विषयों, नवीन तकनीकों और डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के प्रयास और तेज किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए स्पोकन इंग्लिश और संवाद कौशल के नियमित अभ्यास पर जोर दिया, ताकि बच्चे प्रतियोगी माहौल में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ ग्रामों और जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विमल साहू, एसडीएम नगरी प्रीति दुर्गम, जनपद पंचायत नगरी के सीईओ रोहित, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पत्रकारिता जगत ने आज उस शख्स को खोया जिसने हमेशा जनता की आवाज को ताकत दी

- पत्रकार, समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों ने दी स्व. भोजराज को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





शहर के युवा और निर्भीक पत्रकार भोजराज साहू के असमय निधन ने पूरे मीडिया जगत को भीतर तक झकझोर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, आईएनएच से जुड़े रहे भोजराज साहू अपनी साफ-सुथरी पत्रकारिता, सहज व्यवहार और जनता के प्रति समर्पण के लिए हर दिल में खास जगह रखते थे। शुक्रवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिकजनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि स्थल पर वातावरण गमगीन था। हर किसी की जुबां पर सिर्फ एक नाम भोजराज साहू और मन में उनकी वही सरल मुस्कान तैर रही थी। ब्रह्माकुमारी संस्था की संचालिका सरिता बहन ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भोजराज जैसे कर्मठ और संवेदनशील पत्रकार समाज की शक्ति होते हैं।

विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, पूर्व महापौर विजय देवांगन सहित कई जनप्रतिनिधियों ने उन्हें याद करते हुए कहा कि भोजराज ने पत्रकारिता को मिशन की तरह जिया। वे हर छोटी-बड़ी जनसमस्या को बिना किसी डर के उठाते थे और सच को प्राथमिकता देते थे। पत्रकारिता जगत ने आज उस कलम को खो दिया, जिसने हमेशा जनता की आवाज़ को ताकत दी। युवा पत्रकार भोजराज साहू के निधन ने शहर के पत्रकारिता जगत को शोक में डुबो दिया है।

वरिष्ठ पत्रकार दीपक लखोटिया, सुधीर गुप्ता, अरुण चौधरी, प्रेम मगेंद्र, विशाल ठाकुर, उमेश बशिष्ट, अभिषेक पांडे समेत अनेक साथियों ने भावुक होकर कहा कि भोजराज सिर्फ एक अच्छे रिपोर्टर नहीं, बल्कि हर दिल के करीब रहने वाले इंसान थे। उनके भीतर की निडरता और हंसमुख स्वभाव पत्रकारिता को नई ऊर्जा देता था। कांग्रेस जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, राजेश शर्मा, मोहन लालवानी, राजेन्द्र शर्मा, तल्लीनपुरी गोस्वामी समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। दीपक सोनकर, सूरज गहरवार, हेमंत चंद्राकर, देवेन्द्र आजमानी, जनसंपर्क विभाग के अमित नूनीवाल, हितेश गंगवीर, मोनू साहू, गोपाल साहू सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर भोजराज साहू, शैलेन्द्र पटवा (रायपुर) तथा श्रीमती गुरबचन कौर छाबड़ा की आत्मशांति के लिए प्रार्थना की गई।

## पीजी कॉलेज परिसर में एसआईआर का प्रचार-प्रसार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ हेमवती ठाकुर के निर्देशन एवं स्वीप नोडल प्रो. पंकज जैन, विधिक सलाहकार शंकर देवांगन कैम्पस अबेसडर अपर्णा शर्मा, संकेत साहू एवं विधि भाग तीन के छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शन में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का प्रचार-प्रसार किया गया। छात्रों द्वारा महाविद्यालय परिसर में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाकर जनसामान्य को जागरूक किया गया। स्वीप नोडल प्रोफेसर पंकज जैन ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में धमतरी जिला में भी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के माध्यम से पात्र मतदाताओं से बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र भरवाएं जा रहे हैं। अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक सभी मतदाताओं की सही जानकारी पोर्टल में अंकित की जाएगी। मतदाता की प्रविष्टि के बाद सूची का प्रकाशन किया जाएगा। दावा-आपत्ति के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से एसआईआर में पूर्ण सहयोग की अपील की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक सलाहकार शंकर देवांगन ने भी जनसामान्य एवं छात्र-छात्राओं से जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर अभियान में पूर्ण सहयोग देने की अपील की।

पेज 11 के शेष

### रबी सीजन में धान...

रबी में धान की फसल लेते हैं। इस बार गांव के किसान चना फसल ले रहे हैं। धान की फसल लेने पर चना फसल को नुकसान होगा। इस कारण वे भी चने की फसल ले रहे हैं। हटकेशर के बड़े किसान शांतिलाल देवांगन, चुरामण पटेल ने बताया कि हटकेशर खार में मृदा का स्वास्थ्य बिगड़ गया है। गर्मी में मोटर पंप के माध्यम से पानी की सिंचाई करने पर एक ही खेत सारा पानी सोख लेता है। सिंचाई पानी की आपूर्ति नहीं होने से पूरा हटकेशर खार दलहन तिलहन पर ही जोर दे रहा है। इससे जमीन की तबीयत भी ठीक होगी। मुजगहन के किसान रामकिशन कहते हैं कि नहर सिंचाई पानी मिलने की उम्मीद नहीं है। अब किसानों को दलहन तिलहन फसल लेना होगा।

हितग्राहियों का कनेक्शन तकनीकी कारणों से नहीं हो पाया था स्वीकृत

# उज्ज्वला योजना फेज 2 के लंबित आवेदन हो रहे अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के फेज 2 में गैस कनेक्शन के लिए आवेदन करने वाले उन सभी हितग्राहियों के लिए राहतभरी जानकारी सामने आई है, जिनका कनेक्शन अब तक स्वीकृत नहीं हो पाया था। इंडियन गैस एजेंसी धमतरी के संचालक मोहन अग्रवाल ने बताया कि उज्ज्वला 2 के लिए फॉर्म भरने वाले कई हितग्राहियों का कनेक्शन विभिन्न तकनीकी कारणों से स्वीकृत नहीं हो सका था, लेकिन इनके आवेदन रिजेक्ट नहीं किए गए हैं, बल्कि अपडेट के लिए



फाइल फोटो

लंबित हैं। ऐसे सभी आवेदकों से एजेंसी ने तत्काल संपर्क करने का आग्रह किया है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना गरीब और पात्र परिवारों को रसोई गैस सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरी तरह जनहितकारी पहल है। उज्ज्वला योजना 3 के शुरू होते ही फेज 2 के लंबित आवेदनों को अपडेट करने का मौका दिया गया है। एजेंसी संचालक मोहन अग्रवाल ने कहा कि जिन हितग्राहियों ने फेज 2 में आवेदन भरा था, उनमें से कई को कनेक्शन मिल चुका है, जबकि कुछ आवेदन अधूरे दस्तावेज, तकनीकी त्रुटि या सत्यापन की कमी के कारण अपडेट नहीं हो पाए थे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे सभी आवेदक अब उज्ज्वला 3 में अपने पुराने आवेदन को अपडेट कर कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ इंडियन गैस एजेंसी में स्वयं उपस्थित हों। अपडेट प्रक्रिया जारी है और समय पर दस्तावेज जमा करने से ही कनेक्शन की स्वीकृति सुनिश्चित हो सकेगी।

संचालक श्री अग्रवाल ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा उज्ज्वला लाभार्थियों को रिफिलिंग पर विशेष छूट, रसोई गैस कनेक्शन, सुरक्षा किट निःशुल्क रहता है। यह योजना विशेष रूप से उन परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जहां पारंपरिक ईंधन का उपयोग स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि हितग्राहियों की सहायता के लिए विशेष काउंटर है, जहां आवेदन अपडेट, दस्तावेज सत्यापन तथा योजना से जुड़ी सभी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

## ऑनलाइन-ऑफलाइन टोकन की लिमिट बढ़ाने की मांग

- लीलर खरीदी केंद्र में 14 दिनों में मात्र 7645 क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लीलर धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग कलेक्टर से की गई है। किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री पेखनलाल साहू ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि धान उपार्जन केंद्र लीलर में प्रतिदिन धान खरीदी की कुल निर्धारित सीमा 1000 क्विंटल है। निर्धारित प्रावधान के अनुसार 30 प्रतिशत यानी 300 क्विंटल धान खरीदी का टोकन समिति से आफलाइन काटा जाना चाहिए। लेकिन वर्तमान में 200 क्विंटल का ही टोकन कट रहा है। तय सीमा से 100 क्विंटल कम है। 70 प्रतिशत यानी 700 क्विंटल धान खरीदी का टोकन आनलाइन जारी होना चाहिए लेकिन प्रतिदिन सिर्फ 375 क्विंटल का ही आनलाइन टोकन जारी किया जा रहा है। यह निर्धारित सीमा से 325 क्विंटल कम है। किसानों को पर्याप्त टोकन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप 14 दिनों में मात्र 7645 क्विंटल धान की खरीदी हो पाई है। औसतन 546 क्विंटल प्रतिदिन है जबकि केंद्र की क्षमता 1000 क्विंटल प्रतिदिन है।

पोखनलाल साहू का कहना है कि आनलाइन एवं आफलाइन लिमिट कम होने से धान विक्रय की प्रक्रिया गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। कई किसान धान बेचने से वंचित होने की स्थिति में हैं। उन्होंने लीलर धान खरीदी केंद्र में आनलाइन एवं आफलाइन दोनों प्रकार से प्रतिदिन धान खरीदी टोकन की सीमा बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### अजजा शासकीय सेवक विकास संघ की बैठक कल

**धमतरी।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ की बैठक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आरएन ध्रुव की अध्यक्षता में 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे भोरमदेव पैलेस पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास सरोधा रोड कवर्धा में होगी। बैठक में वर्ष 2025 का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित करने हेतु स्थान एवं तिथि, कबीरधाम जिले के पदाधिकारियों के एक साथ किए गए तबादले समेत विभिन्न संवैधानिक मुद्दों पर चर्चा होगी। उपस्थिति की अपील संघ के प्रांतीय महासचिव एनआर चंद्रवंशी ने की है।

### छोटा शिरडी धाम कुकरेल में साईं जन्मोत्सव 23 को

**धमतरी।** छोटा शिरडी धाम साईं मंदिर कुकरेल में इस वर्ष श्री साईं



जन्मोत्सव, स्थापना दिवस, साईं मेला एवं नववर्ष मिलन समारोह 23 दिसंबर को मनाया जाएगा। आयोजक डॉ. संजय तिवारी एवं सुलेखा तिवारी ने साईं भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। समारोह का शुभारंभ सुबह 4 बजे बाबा की कांकड़ आरती से होगा। इसके बाद शाही स्नान, पूजा-पाठ, जप-तप और प्रातः आरती से वातावरण भक्ति से सराबोर होगा। सुबह 7 से 10 बजे तक साईं चरित्र पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम और देवी-देवताओं का आह्वान होगा।
11 बजे से साईं पालकी शोभायात्रा निकाली जायेगी। दोपहर में हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति, उसके बाद भजन-कीर्तन और दोपहर 1 से 2 बजे तक महाभंडारा का आयोजन रहेगा। 3 बजे से छत्तीसगढ़ी ऑर्केस्ट्रा तथा पूरे दिन निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी संचालित होगा।

### बस्तर में उल्लास महापरीक्षा की तैयारी जोरों पर

**जगदलपुर।** जिला पंचायत शिक्षा समिति की बैठक के दौरान उल्लास साक्षरता महापरीक्षा की तैयारी सहित शिक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक का मुख्य केंद्र आगामी 7 दिसंबर को आयोजित होने वाली महापरीक्षा की तैयारियों पर रहा। बैठक में अवगत कराया गया कि बस्तर जिले में 7 दिसंबर को कुल 36 हजार परीक्षार्थी उल्लास केंद्र के माध्यम से इस महापरीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिसके लिए जिलेभर में 771 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। महापरीक्षा के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया कि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता से सभी परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक लाने हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में बोदे बाई को मिला पक्का मकान

**जगदलपुर।** जिले के लोहांडीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत छिंदगांव की 49 वर्षीय बोदे बाई का जीवन वर्षों तक एक जीर्ण-शीर्ण, कच्चे कमरे में कठिनाइयों से भरा रहा। आर्थिक तंगी के कारण न तो वे घर की मरम्मत कर पाती थीं और न ही बीमारी के दिनों में दवाइयों का इंतजाम करना उनके लिए आसान था।

धमतरी में 58 हजार से अधिक राशन कार्ड अपडेट नहीं

# चेतावनी : ई-केवाईसी नहीं तो दस दिसंबर से राशन कार्ड से हटेंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में राशनकार्ड धारकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया डेढ़ वर्ष से लगातार चल रही है, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने अब तक आधार लिंकिंग और सत्यापन पूरा नहीं कराया है। जिले में संचालित 2.26 लाख राशनकार्डों में शामिल 8.60 लाख सदस्यों में से लगभग 1.01 लाख लोगों ने अभी भी ई-केवाईसी नहीं कराई है। अब जिला खाद्य विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए 58 हजार से अधिक सदस्यों के नाम सिस्टम में ब्लॉक कर दिए हैं और इन सदस्यों के हिस्से का खाद्यान्न दिसंबर महीने के लिए दुकानों को आबंटित ही नहीं किया है। विभाग की समीक्षा बैठक में जब सेल्समैनों ने मशीनों में डेटा जांचा तो पाया कि जिन सदस्यों ने ई-केवाईसी नहीं कराई है, उनके नाम राशन




वितरण प्रणाली में दिखाई ही नहीं दे रहे, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि ऐसे हितग्राहियों को इस माह कोई राशन नहीं मिलेगा।

जिले की 484 उचित मूल्य दुकानों में दिसंबर से खाद्यान्न वितरण शुरू किया जाना है, लेकिन इससे पहले खाद्य विभाग ने साफ कर दिया है कि जिन सदस्यों की ई-केवाईसी पूरी नहीं हुई है, उन्हें इस महीने वितरण सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। विभाग ने यह भी बताया कि 5 वर्ष से अधिक उम्र के जिन करीब 58,026 सदस्यों की ई-केवाईसी लंबित हैं, उनके नामों को अब 10 दिसंबर के बाद राशन कार्ड की सूची से हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। वहीं 5 वर्ष से कम आयु के लगभग 42 हजार बच्चों को फिलहाल छूट दी गई है, क्योंकि उनका आधार अपडेट न होने के कारण ई-केवाईसी नहीं की जा सकती। इन बच्चों की ई-केवाईसी पांच वर्ष पूरे होने के बाद अनिवार्य होगी।

ई-केवाईसी लंबित होने से बीपीएल परिवारों पर भी सीधा असर पड़ा है। पहले तीन सदस्य वाले बीपीएल परिवार को 35 किलो चावल मिलता था, लेकिन अब यदि एक भी सदस्य की ई-केवाईसी नहीं हुई है तो उसका नाम ब्लॉक हो जाएगा और परिवार को केवल ई-केवाईसी पूरा कर चुके सदस्यों की संख्या के अनुसार प्रति सदस्य 10 किलो चावल ही मिलेगा। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कई ऐसे सदस्य हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है, लेकिन परिवार ने उनका नाम हटाने की प्रक्रिया नहीं कराई है, जबकि कुछ सदस्य दूसरे जिलों या राज्यों में निवास करने लगे हैं। कुछ हितग्राही एपीएल श्रेणी में आ चुके हैं और ई-केवाईसी नहीं कराना चाहते। वहीं कई परिवारों ने बच्चों के पांच वर्ष पूरे होने पर आधार अपडेट नहीं कराया, जिसके कारण उनकी ई-केवाईसी भी अटकी है।

हालांकि विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि जिन सदस्यों के नाम ब्लॉक हो चुके हैं, वे अब भी 'मेरा ई-केवाईसी' मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर पर ओटीपी और फेस स्कैन के जरिए सत्यापन करना होगा, लेकिन इसका लाभ तभी मिलेगा जब उनका आधार कार्ड अपडेट हो। विभाग की इस कार्रवाई से हजारों हितग्राहियों पर असर पड़ेगा और उन्हें जल्द से जल्द ई-केवाईसी पूर्ण कराने की सलाह दी जा रही है।

## भारतीय नौ सेना दिवस पर किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिवनीकला में भारतीय नौ सेना दिवस पर बालाजी ब्लड सेंटर द्वारा देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए सिकल सेल एवं थैलेसीमिया के बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गांव के जागरूक युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर के आयोजनकर्ता सन्नी साहू ने बताया कि कम उम्र में गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों के परिवार को ब्लड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया जिसमें 20 युवाओं ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में महिलाएं, युवा एवं बुजुर्गों ने भी अपना खून जांच करवाया और ब्लड ग्रुप की जानकारी प्राप्त की। रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र एवं बैग भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सरपंच लता ध्रुव, दीपदान साहू उपसरपंच, सरपंच प्रतिनिधि जितेश्वर ध्रुव, तुकेश साहू पूर्व जीवनदीप समिति सदस्य सिविल अस्पताल कुरूद, पूर्व सरपंच ईश्वर साहू, चंदन साहू, सुषमा साहू, खिलेश्वरी साहू, कांशी तारक, राजकुमार सेन, केदार तारक, टिकेंद्र साहू, जितेश साहू, भोजराज साहू, वेशकुमार साहू, शीतल साहू, वरेंद्र पटेल, सचिन तारक, पैमान साहू, ताम्रज साहू, ठगेसर तारक, विवेक गंजीर, कुणाल साहू, सीमांशु उपस्थित थे।

## बेंद्रानवागांव में शिव मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



- मंदिर बनने से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण और भी सुदृढ़ होगा : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बेंद्रा नवागांव में भगवान शिव के भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन विधिविधान से किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने पूजा-अर्चना कर मंदिर निर्माण कार्य की नींव रखी। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि शिव मंदिर का निर्माण न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह गांव की संस्कृति, एकता और सामाजिक श्रेष्ठता को भी मजबूत करेगा। मंदिर बनने से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण और भी सुदृढ़ होगा। ग्रामवासियों ने मंदिर निर्माण की पहल के लिए महापौर का आभार व्यक्त करते हुए इसे गांव के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

गांव में शिव मंदिर निर्माण को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल है। मौके पर सरपंच श्रीमती प्रशुन संजय शुक्ला, पंचगण श्रीमती उतरा, श्रीमती रेखा, श्रीमती दामिनी, श्रीमती महेश्वरी, पंचायत प्रतिनिधि सुरेश नागवंशी, जीवन सुखदेव, पंचायत सचिव चंदूराम दीवान, भाजपा मंत्री हेमंत चंद्राकर, महिला समूह की सभी सदस्य तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पात्र परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- उपनेता प्रतिपक्ष ने महापौर को सौंपा निवेदन

नगर पालिक निगम के उपनेता प्रतिपक्ष एवं जोधापुर वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद सत्येन्द्र देवांगन ने वार्डवासियों की एक गंभीर समस्या को लेकर महापौर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन उन परिवारों की वास्तविक परेशानियों को उजागर करता है, जो पिछले 25 वर्षों से एक ही स्थान पर निवासरत होने के बावजूद पट्टा एवं स्वामित्व संबंधी अधूरे दस्तावेजों, अभिलेखीय त्रुटियों तथा तकनीकी कारणों के चलते प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं।



महापौर को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि नगर के 40 वार्डों में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिनकी पात्रता स्पष्ट होने के बावजूद कागजी कमियों के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। निवेदन में यह भी रेखांकित किया है कि नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी अटल विश्वास पत्र में इस विषय को प्रमुख वादे के रूप में शामिल किया गया था, जिसके भरोसे वार्डवासियों ने समर्थन दिया है।

सत्येन्द्र देवांगन ने महापौर से आग्रह किया है कि पात्र परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने आवश्यक कार्रवाई शीघ्र शुरू की जाए, जिससे वर्षों से प्रतीक्षा कर रहे इन परिवारों को वास्तविक राहत मिल सके। ज्ञापन में यह स्पष्ट किया है कि इन लोगों का संघर्ष केवल कागज़ी त्रुटियों का परिणाम है, जबकि वे वास्तविक पात्र हितग्राही हैं।

मौके पर दीपक सोनकर नेता प्रतिपक्ष, योगेशलाल, सुमन मेश्राम, सूरज गहरवाल, पूर्णिमा रजक, रामेश्वरी कौसर, गजानंद रजक, अविनाश मरोठे, भोजराज यादव, देवदीप धीवर, रमेश साहू, सुखचंद धीवर, महेश साहू, रामदयाल कंवर कन्हैयालाल कंवर, गायत्री साहू, जयराम, श्याम कंवर, आशा बाई, संगीता, भवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## गोकुलपुर अखाड़ा के चार खिलाड़ी खेलेंगे नेशनल



- जांजगीर चांपा में आयोजित कुश्ती चयन प्रतियोगिता में किया दमदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा बालक-बालिका कुश्ती चयन प्रतियोगिता जांजगीर चांपा में आयोजित हुई जिसमें जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने अपना बेस्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वजन समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 17 वर्ष बालक 48 किलो ग्राम में यमन यादव गोल्ड मेडल, बोनेश कुमार साहू 92 किलोग्राम में गोल्ड मेडल, बालिका तेजस्विनी नेताम 53 किलोग्राम गोल्ड मेडल, लक्ष्मी साहू 62 किलो ग्राम में गोल्ड मेडल जीता। 4 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ। वे 8 से 12 दिसंबर तक जिला बलिया उत्तरप्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य शालेय क्रीड़ा का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर के उस्ताद भगवान सिंह यादव, संतोष साहू, राजकुमार नेताम, अंकालु भोयर, सोहन यदु, कृष्णा साहू, मेघराज यदु, तुलसी, मुकेश साहू, मनोज साहू, हरीश नेताम, लल्ला यदु, प्रभात भोयर, रामकुमार साहू, वरिष्ठ खेल शिक्षक एआर थिटे, खिलेन्द्र, गिरीश, लोकेश साहू, हरीश भूआर्य, एनआईएस कुश्ती प्रशिक्षक विजय कुमार यादव, नुमेश यादव ने हर्ष जताया है।

## थाली बजाकर सरकार को जगाने की कोशिश

- रजिस्ट्री दर में वृद्धि के खिलाफ जमीन कारोबारियों का आंदोलन हुआ तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जमीन की रजिस्ट्री दर में की गई भारी बढ़ोतरी के विरोध में जमीन कारोबारी संघर्ष समिति का आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। शुक्रवार को आंदोलन के पांचवें दिन प्रदर्शनकारियों ने थाली बजाकर सरकार को जगाने की कोशिश की। गांधी चौक में जुटी भीड़ ने राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और निर्णय को तानाशाही बताते हुए बढ़ी दर को वापस लेने की मांग उठाई।

जमीन कारोबारी संघर्ष समिति एक दिसंबर से लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। हर दिन




आंदोलन को एक नए तरीके से आवाज देने की योजना बनाई गई है, जिससे सरकार तक सीधे जनता का संदेश पहुंचे कि जमीन की रजिस्ट्री दर में की गई यह बढ़ोतरी आम लोगों के लिए असहनीय है। थाली बजाकर विरोध जताने की इस अनोखी मुहिम में संघर्ष समिति के अध्यक्ष ऋतुराज पवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कारोबारी शामिल हुए।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अजय चौबे, इम्तियाज खान, सुनील लुनावत, आशीष साहेब, विक्की शर्मा, सुनील सुंदरानी, सुरेश जैन, अजय रामरख्यानी, मोंटी पाहूजा, भरत आहूजा, मुकेश वरदानी, शत्रुघन कोसरिया, मनजोत सिंह, रोशन छाजेड़, दिलीप मीनपाल, संजय तम्बोली, नरेन्द्र गोलछा, राजा बंजारे, नरेन्द्र साहू, सत्येन्द्र शर्मा, भूपेश लोधी, अनिल पाहुजा, नरेन्द्र निमर्लकर, राजा श्रीवास, अन्नू पटेल, तामेश साहू, ललित वरदानी, कमलेश गौरी, संदीप तलूजा, भास्कर चौहान, झंकार सिन्हा, ज्ञानू ओसवाल, अजित साहू, राकेश राखेचा, सागर निर्मलकर, पवन यदु, मनीष सोनी, नरेश समनानी, विकास नंदा, विजय पंजाबी, हीरा केशवानी सहित दर्जनों कारोबारी शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक रजिस्ट्री दर में भारी वृद्धि को वापस नहीं लिया जाएगा, आंदोलन इसी तरह चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।

## स्काउट-गाइड के बच्चों ने सीखी जीवन जीने की कला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

भारत स्काउट गाइड का द्वितीय सोपान शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में आयोजित किया गया। स्काउट एवं गाइड बच्चों को सेवा कार्य बीपी सिक्स, कंपास दिशाओं, ज्ञान प्रार्थना, प्राथमिक चिकित्सा, खोज का चिन्ह, गांठें जीवन रक्षक डोरी, भोजन बनाना, मानचित्र एवं जीवन जीने की कला सिखाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र नेताम, प्राचार्य श्रीमती अनिभा अग्रवाल, आजीवन सदस्य दिनेश्वरी नेताम, सुलोचना साहू, विमला धुर्वा शिविर संचालक, दूधेश्वरनाथ साहू, सहायक संचालक एमके महमल्ला, पीआर साहू, रविशंकर साहू, जितेंद्री साहू,

### कंडेल कॉलेज में एड्स दिवस पर हुई पोस्टर-रंगोली स्पर्धा

**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. हीरालाल कुर्रे ने एड्स के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह एक लाइलाज बीमारी है जिसे केवल फैलने से रोका जा सकता है। महाविद्यालय में पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने एड्स की रोकथाम से संबंधित विभिन्न चित्रकला को प्रदर्शित किया।

## एड्स बीमारी सामान्य स्पर्श सामाजिक संपर्क से नहीं फैलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा के निर्देशन में रेड रिबन क्लब एवं एनएसएस इकाई 1 द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में रायपुर एम्स से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम तथा सिविल अस्पताल कुरूद की काउंसलर श्रीमती विमलेश तिवारी ने छात्रों को एचआईवी एड्स के संक्रमण, कारण, बचाव तथा उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की। मुख्य वक्ता श्रीमती तिवारी ने संक्रमण से जुड़े मिथकों का निराकरण करते हुए छात्रों से सुरक्षित व्यवहार अपनाने और संदिग्ध स्थिति में तुरंत परामर्श एवं जांच कराने की अपील की।

एम्स रायपुर से आए डॉ. नारायणी, डॉ. आनंदिता, डॉ. विश्वजीत और डॉ. विधु कृष्णन ने एड्स के लक्षण, संक्रमण के मार्ग, आधुनिक उपचार एवं रोकथाम की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एड्स सामान्य स्पर्श, भोजन या सामाजिक संपर्क से नहीं फैलता, जिससे छात्रों के बीच फैली भ्रांतियां दूर हुईं। द्वितीय सत्र में भाषण, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, निबंध एवं रील्स मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनमें विभिन्न छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. मिश्रा द्वारा प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आदिवासी गोंड़ समाज की बैठक 7 को

**कुरूद।** आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज तहसील कुरूद की बैठक 7 दिसंबर को आदिवासी सामुदायिक भवन कुरूद में दोपहर 12 से रखी गई है जिसमें कोया पूनेम गाथा कार्यक्रम के लिए ग्राम स्थान चयन करने तथा सामाजिक नियमावली प्रकाशन संबंधी चर्चा की जाएगी। समाज के अध्यक्ष ललित ठाकुर, सचिव फलेंद्र ध्रुव ने समाज प्रमुख, युवा प्रभाग, महिला प्रभाग, परिक्षेत्र, पाली, तहसील के पदाधिकारियों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक